सेंट थॉमस स्कूल , साहिबाबाद
अंतर्सदन कविता गायन प्रतियोगिता
कक्षा 3 से 5

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम "मेरी माटी मेरा देश " के अंतर्गत 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में दिनांक 11/8/23 को सेंट थॉमस स्कूल साहिबाबाद में श्रीमती अंजली एवं सुश्री पूजा तिवारी के मार्गदर्शन में एक अंतर्सदन कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 3 से 5 के चारों सदन – अरावली, हिमालया, नीलगिरी एवं विंध्यास के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया ।

इसमें अंग्रेजों के विरुद्ध आज़ादी की लड़ाई में भाग लेने एवं शहादत देने वाले विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए श्रद्धान्जलि स्वरूप वीर रस की विभिन्न कविताओं का गायन किया गया ।

इन कविताओं का श्रोतागणों ने अति आनंद से श्रवण किया एवं तालियों की गड़गड़ाहट के साथ देशभक्तों के प्रति नतमस्तक होकर स्वहृदय में विराजित अपनी देशभक्ति की भावना का परिचय दिया ।

माननीय जज श्री राजेश त्रिपाठी ,श्रीमती अपर्णा गांगुली एवं श्रीमती पुष्पलता सुरेश द्वारा सही उच्चारण एवं सर्वोत्कृष्टता के साथ कविता गायन करने वाले छात्र–छात्राओं का चयन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय श्री डायस मथाई एवं मुख्य अध्यापिका महोदया श्रीमती शशि कब्दल द्वारा इन्हे पुरस्कृत किया गया ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।